
RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



केवल लोकप्रियता ही सफलता नहीं होतीः उर्वशी रौतेला

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 114 | MONDAY DATE 18-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## बार-बार पेपर लीक पर जवाब दें मोदी, शिक्षा मंत्री को करें बर्खास्त : राहुल

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर हैरानी जताई और कहा कि इसके लिए उन्हें तत्काल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करना चाहिए। श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर बार-बार लीक होने की घटना से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और श्री मोदी को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने इस पर आगे लिखा कहा '2024 में नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ था लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराई गई और एक समिति बनाई गई। अब 2026 का भी पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, मंत्री ने फिर भी इस्तीफा नहीं दिया, सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति बनाए जाने की बात हो रही है।



## डिजाइन एक विधा होने के साथ-साथ एक कला भी हैः अमित शाह

» **गांधीनगर, यूटर्न/ 17 मई।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में 'इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईडी के गांधीनगर कैंपस में आज इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया है।

अमित शाह ने कहा कि एनआईडी एक ऐसा संस्थान है जो रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता को आपस में जोड़ता है। मेरा मानना है कि जब



एनआईडी की स्थापना हुई थी, तब इसके उद्देश्यों को बहुत ही सोच-समझकर तय किया गया था।

उन्होंने कहा कि 1961 में अहमदाबाद में एनआईडी की स्थापना हुई। अगर डिजाइन को पारंपरिक रूप से देखें तो यह एक विधा एक कला है, जो चीजों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करती है, उनकी उपयोगिता को एक स्पेस के अंदर व्यवस्थित करती है और उन्हें अधिक उपयोगी तथा आकर्षक बनाती है। मैं कल रात सोच रहा था कि एनआईडी को 1961 में गुजरात में ही क्यों स्थापित किया गया। आमतौर पर गुजरातियों को कला से बहुत गहरा जुड़ा हुआ नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें अधिकतर व्यापार और कमाई से जुड़ा माना जाता है। फिर एनआईडी को यहां क्यों लाया गया? शायद इसका उद्देश्य यह था कि डिजाइन का संस्कार, जो कहीं न कहीं हर व्यक्ति में कम या ज्यादा मात्रा में होता है, उसे प्रोत्साहित किया जाए। अमित शाह ने कहा कि एनआईडी का एक उद्देश्य यह भी रहा होगा कि जिन लोगों के मन में डिजाइन को लेकर कुछ खास है, उन्हें एक उचित प्लेटफॉर्म दिया जाए। इसलिए गुजरात में एनआईडी की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में डिजाइन का विशेष महत्व है। चाहे कोई नया इंडस्ट्रियल पार्क बन रहा हो या किसी तकनीकी परियोजना का विकास हो, हर जगह डिजाइन की आवश्यकता होती है।

### संक्षिप्त
### ताजा खबरें

## बेंगलुरु और मुंबई के बीच जल्द शुरू होगी वंदे भारत स्लीपरः अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि लंबे समय से इंतजार की जा रही बेंगलुरु और मुंबई वंदे भारत स्लीपर जल्द शुरू हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली नई एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाते हुए यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की रेलवे संबंधी कई लंबित मांगें इन्फ्रास्ट्रक्चर के तेज विकास और बेहतर वित्तीय सहायता के माध्यम से पूरी की जा रही हैं। वैष्णव ने कहा, दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबित मांगों को पूरा किया जा रहा है। आने वाले समय में जल्द बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर शुरू होने की संभावना है। वैष्णव ने कहा कि हाल के वर्षों में कर्नाटक के लिए रेलवे फंड्स में तेज वृद्धि हुई है, जिससे राज्य भर में महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट जजों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने 'उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026' जारी करने को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी।

इस अध्यादेश से 'उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956' में संशोधन किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत पांच मई को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जायेगा। इससे उच्चतम न्यायालय में में न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान में 33 से बढ़कर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी।

# महिला उद्यमियों को बिना गिरवी 10 करोड़ तक लोन : रेखा गुप्ता



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। इसी दिशा में सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ रुपये तक के कोलैटरल-फ्री लोन (बिना गिरवी ऋण) की व्यवस्था की है, जिसकी गारंटी स्वयं दिल्ली सरकार लेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार अब मॉल और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में स्वदेशी उत्पादों के लिए नियमित रूप से उचित मंच उपलब्ध कराएगी, जहां स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार शाम उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित यूनिटी वन मॉल, रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास आयोजित दो दिवसीय 'मेगा सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) मेला-2026' के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार 'स्वदेशी अपनाओ', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' का विजन देश के सामने रख रहे हैं। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए यह मेला महिलाओं द्वारा तैयार स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और उन्हें बाजार से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक कुलवंत राणा, उत्तर पश्चिम जिला की डीएम सौम्या सौरभ, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न बैंकिंग संस्थानों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं। मेले का आयोजन उत्तर पश्चिम जिला प्रशासन द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं घरों में रहकर छोटे-छोटे उद्योगों और हस्तनिर्मित उत्पादों के माध्यम से न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग विदेशी ब्रांडों के पीछे भागते हैं, जबकि भारत में बने हस्तशिल्प, खादी, घरेलू उत्पाद और हस्तनिर्मित वस्तुएं गुणवत्ता में किसी से कम नहीं हैं। जरूरत केवल उनकी बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग की है।

उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और विनिर्माण सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारतीय उत्पाद दुनिया भर में निर्यात हो रहे हैं।

## असम में 1250 वर्ग किमी अतिक्रमित जमीन वापस लेगी सरकारः सीएम सरमा

» **गुवाहाटी, यूटर्न/ 17 मई।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को राज्य में अतिक्रमित जमीन को वापस लेने के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान के तहत जमीनी स्तर पर कार्रवाई पहले ही शुरू की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार राज्यभर में अवैध रूप से कब्जाई गई विशाल भूमि को मुक्त कराने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने लिखा, 'एनडीए 3.0 असम में 1250 वर्ग किलोमीटर से अधिक अतिक्रमित भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वादे को पूरा करने के लिए हमारी टीम पहले से ही जमीन पर काम कर रही है।' सीएम सरमा ने अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें पीले रंग की जेसीबी मशीनें ढांचों को ध्वस्त करती और लकड़ी तथा टिन-शेड के मलबे को हटाती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई किसी ग्रामीण पहाड़ी इलाके में चल रही थी।

मुख्यमंत्री सरमा इससे पहले भी कई बार अपनी सरकार के अतिक्रमण हटाओ अभियान को तेज करने की बात कह चुके हैं। दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से एक दिन पहले, 11 मई को उन्होंने कहा था कि असम की 'जमीन, पहचान और भविष्य' उनकी सरकार के लिए 'गैर-समझौतावादी' मुद्दे हैं।

## हाईकोर्ट के आदेश पर लखनऊ में चला बुलडोजर, 240 वकीलों के चैंबर ध्वस्त

» **लखनऊ, यूटर्न/ 17 मई।**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब लखनऊ नगर निगम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जिला अदालत परिसर के बाहर बने कथित अवैध वकीलों के चैंबर और दुकानों पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई। अधिकारियों के मुताबिक, सिविल कोर्ट और जिलाधिकारी कार्यालय के पास बने करीब 240 अवैध चैंबर और दुकानों को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर तैनात किए गए और सुरक्षा के लिए पीएसी समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। बुलडोजर कार्रवाई का वकीलों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक भी हुई। मौके पर मौजूद वकील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई रोकने की कोशिश करते नजर आए। इसी बीच एक नाटकीय घटना में एक अधिवक्ता ने विरोध स्वरूप कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने समय रहते हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## इस यात्रा ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को दी नई गतिः मोदी

» **एम्स्टर्डम, यूटर्न/ 17 मई।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड की आधिकारिक यात्रा संपन्न कर स्वीडन रवाना हो गए। पीएम ने नीदरलैंड का अभूतपूर्व प्यार और सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने अपनी भावनाएं एक्स के जरिए जाहिर कीं। एक वीडियो क्लिप के साथ लिखा कि इस यात्रा ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई गति प्रदान की है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने के साथ-साथ जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, सतत विकास और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने अपने डच समकक्ष रॉब येतन का भी आभार जताया। उन्होंने गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए पीएम



येतन का धन्यवाद किया और विशेष रूप से एयरपोर्ट पर विदाई देने आने के लिए आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि भारत और नीदरलैंड के बीच मित्रता आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगी। वीडियो क्लिप में नीदरलैंड यात्रा की अहम झलकियां हैं, जिसमें भारतीय समुदाय का उत्साह, सीईओ बैठक में निवेश और समझौतों को लेकर चर्चा, और राजा-रानी से मुलाकात के अंश हैं। प्रधानमंत्री की मौजूदगी में कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। द हेग में आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी एएसएमएल के बीच भी समझौता हुआ।

यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है। डच कंपनी दुनिया की प्रमुख चिप मशीन बनाने वाली कंपनियों में से एक है, जबकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश बढ़ा रही है।

# निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए दिल्ली मेट्रो ने किया अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अब यात्रियों की निर्भरता निजी वाहनों पर कम करना चाहती है। इसके लिए मेट्रो ने 'एक्स्ट्रा ट्रेन ट्रिप' शुरू करने का फैसला किया है। पहले महज छह ही 'एक्स्ट्रा ट्रेन ट्रिप' चलते थे, जिसे बढ़ाकर अब 24 कर दिया गया है, ताकि किसी भी यात्री को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

डीएमआरसी का कहना है कि हमारी पूरी वस्तुस्थिति पर नजर है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी यात्री को कोई दिक्कत न हो। वहीं, डीएमआरसी ने 'एक्स्ट्रा ट्रेन ट्रिप' शुरू करने के बाद पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है, जिसे जमीन पर उतारने की कवायद शुरू हो चुकी है। 'एक्स्ट्रा ट्रेन ट्रिप' शुरू के बाद जाहिर सी बात है कि यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इसके लिए सुरक्षाबलों की संख्या में भी बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। इसके अलावा, ज्यादा सिक्योरिटी काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों को टिकट लेने में दिक्कत न हो। वहीं, यात्रियों की सुविधा के लिए ज्यादा बैगेज स्कैनर चालू किए जाएंगे। पीक टाइम पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। इस संबंध में भी डीएमआरसी की ओर से तैयारी की जा रही है। इसके अलावा, डीएमआरसी की कोशिश है कि यात्रियों को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। इसके लिए दिल्ली मेट्रो का बड़ा नेटवर्क रेलवे स्टेशनों, बड़े इंटरस्टेट बस टर्मिनल, एयरपोर्ट टर्मिनल, नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, नोएडा मेट्रो और रैपिड मेट्रो, गुड़गांव के साथ सीधी और आसान इंटरमॉडल कनेक्टिविटी देकर एक जरूरी मोबिलिटी लाइफलाइन का काम करता है।

वहीं, डीएमआरसी ने कमर्शियल मार्केटप्लेस, सरकारी मंत्रालयों और एडमिनिस्ट्रेटिव सेंटर्स, कॉर्पोरेट ऑफिस और साइबर हब, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, टूरिज्म, हेरिटेज और कल्चरल डेस्टिनेशन तक सुरक्षित, भरोसेमंद और तेज कनेक्टिविटी पर भी विशेष ध्यान दिया है। डीएमआरसी ने 160 मेट्रो स्टेशनों पर एक बड़ा लास्ट-माइल इकोसिस्टम बनाया है। एक लाख यात्रियों को ई-ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक टैक्सी, कैब एग्रीगेटर, साइकिल रेंटल, डीएमआरसी सारथी ऐप के जरिए स्मार्ट डोर-टू-डोर इंटीग्रेटेड यात्रा प्लानिंग के रूप में सर्विस दी जा रही है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और उनकी निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो।

इसके अलावा, डीटीसी 1500 बसें भी चला रही हैं, जो यात्रियों को लास्ट माइल सर्विस दे रही है। डीएमआरसी के मुताबिक, मौजूदा समय में 126 मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा है। यहां पर यात्री आसानी से अपनी गाड़ी को पार्क कर सकते हैं।

इसके अलावा, डीएमआरसी की ओर से टिकट काउंटर पर यात्रियों की निर्भरता कम करने के मकसद से कई तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किए गए हैं, जहां पर यात्रीगण आसानी से अपने गंतव्य स्थल तक के लिए टिकट बुक करा सकते हैं। इसमें वाट्स एप टिकट, नेशनल मोबिलिटी कार्ड, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स सहित अन्य प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के हर दौरे से भारत में आता है अरबों रुपए का निवेश: तरुण चुघ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**



भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें सीएम मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर सवाल उठाए थे।

तरुण चुघ ने आईएएनएस से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे पर्यटन या मौज-मस्ती के लिए नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के हित और देश के भविष्य के लिए होते हैं। प्रधानमंत्री के हर दौरे से भारत में अरबों रुपए का निवेश आता है और लाखों नौकरियों के अवसर पैदा होते हैं।

उन्होंने भगवंत मान पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद पंजाब की जनता का पैसा विलासिता पर खर्च कर रहे हैं और राज्य के विमान का इस्तेमाल टैक्सी की तरह कर रहे हैं, उन्हें प्रधानमंत्री के विदेश दौरों पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

तरुण चुघ ने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे की समस्या बढ़ रही है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान इन मुद्दों की बजाय राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सामने मौजूद चुनौतियों को अवसर में बदलने का काम कर रहे हैं, जबकि विपक्ष केवल बहाने बनाने में लगा है। बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छह-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय यात्रा की आलोचना करते हुए तंज कसते हुए पूछा, 'प्रधानमंत्री वर्क फ्रॉम होम क्यों नहीं करते?' तरुण चुघ ने पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस और विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'नया भारत' आतंकवाद पर केवल डोजियर नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई में विश्वास रखता है।

## पेट्रोल-डीजल महंगा, हवाई ईंधन सस्ता क्यों: देवेंद्र यादव



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर को 25 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत किए जाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान आम लोगों को राहत देने के बजाय हवाई कंपनियों और संपन्न वर्ग को फायदा पहुंचाने का काम किया है। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में पेट्रोल पर 19.40 प्रतिशत और डीजल पर 16.75 प्रतिशत मूल्य वर्धित कर वसूला जा रहा है। उनके अनुसार मौजूदा कीमतों के हिसाब से पेट्रोल पर करीब 15 से 16 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 12 से 13 रुपये प्रति लीटर कर लिया जा रहा है, जिससे सरकार को हर साल लगभग 4,000 से 4,600 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हवाई कंपनियां पहले से ही महंगे टिकट वसूल रही हैं, तो विमानन ईंधन पर कर घटाने के बाद क्या हवाई यात्रा सस्ती होगी। उनका कहना था कि जब कांग्रेस पेट्रोल और डीजल पर कर कम करने की मांग करती है, तब सरकार राजस्व में कमी का हवाला देती है, लेकिन विमानन ईंधन पर कर घटाने में उसे कोई परेशानी नहीं होती। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीतियां गरीब और मध्यम वर्ग के खिलाफ हैं।

# आल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा की आवश्यक बैठक संपन्न; गुरदीप सिंह गुजराल बने कुरुक्षेत्र इकाई के नए प्रधान

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 17 मई। आज ह्यआल इंडिया पत्रकार एकता संघह्न की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संघ के तमाम पदाधिकारियों और सम्मानित सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में पत्रकार हितों और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति और गरिमामयी उपस्थिति में संगठन के विस्तार हेतु कुरुक्षेत्र इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें गुरदीप सिंह गुजराल को कुरुक्षेत्र इकाई का नया प्रधान नियुक्त किया गया है।



नवनियुक्त प्रधान गुरदीप सिंह गुजराल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों की एकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

**कुरुक्षेत्र इकाई की नई कार्यकारिणी सूची:** बैठक में संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गईं, जिसमें जिला उप वरिष्ठ प्रधान सरदार सतनाम सिंह, उपाध्यक्ष संजीव गोयल, उपाध्यक्ष अरविंद मोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश भटनागर, महासचिव सुधीर कुमार, सचिव अमित गर्ग, प्रवक्ता राजेंद्र स्नेही, प्रेस सचिव हरिदास चनालिया, संगठन सचिव कुलवंत सिंह बग्गा, प्रचार सचिव अजय शर्मा, मुख्य सलाहकार धर्म सिंह जोगन खेड़ा, सलाहकार उमेश गर्ग को बनाया गया।

बैठक के समापन पर संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। सभी सदस्यों ने एक सुर में संकल्प लिया कि वे पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। वहीं इस मौके पर अश्वनी वालिया प्रदेश अध्यक्ष, दलबीर सिंह मलिक मुख्य प्रदेश संरक्षक, राजकुमार वालिया मुख्य प्रदेश सलाहकार, गुलशन ग्रोवर प्रदेश प्रवक्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 'पत्रकारिता केवल खबर नहीं, बल्कि समाज के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है': डॉ. प्रीतम सिंह

### विश्व संवाद केंद्र, कुरुक्षेत्र द्वारा नारद जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, 40 से अधिक पत्रकार हुए सम्मानित

» **परमिंदर सिंह**




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 17 मई। विश्व संवाद केंद्र द्वारा नारद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय पत्रकार सम्मान एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर गंभीर चिंतन हुआ। जिले भर से आए लगभग 40 पत्रकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली बनाया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रीतम सिंह ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि 'पत्रकारिता केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि समाज के मानस को गढ़ने वाली एक सचेत प्रक्रिया है।' उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब राजनीति लड़खड़ाती है, तब साहित्य और पत्रकारिता ही राष्ट्र को सही दिशा दिखाने का कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि आज समाज को ऐसी पत्रकारिता की आवश्यकता है जो केवल ह्यखबरह्न देने तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में सकारात्मक चेतना, नैतिकता एवं चरित्र निर्माण का कार्य भी करे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन का अर्थ केवल व्यवस्था परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से संपूर्ण समाज की चेतना को जागृत करना है। डॉ. प्रीतम सिंह ने संघ के पंच परिवर्तन विषयों – सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, ह्यस्वह्न आधारित बोध तथा नागरिक कर्तव्य – को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि पत्रकारिता इन सभी क्षेत्रों में जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकती है।

सामाजिक समरसता विषय पर उन्होंने कहा कि मीडिया को समाज में जाति, वर्ग एवं भाषा के आधार पर विभाजन बढ़ाने के बजाय एकात्मता और संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए। पत्रकारिता का धर्म समाज की दरारों को भरना है, उन्हें गहरा करना नहीं। कुटुंब प्रबोधन पर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक उपभोगवादी संस्कृति के प्रभाव से पारिवारिक मूल्य कमजोर हो रहे हैं। ऐसे समय में पत्रकारिता को परिवार, संस्कार, बुजुर्गों के सम्मान तथा सामूहिक जीवन की महत्ता को समाज के सामने लाना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण विषय पर उन्होंने भारतीय संस्कृति की प्रकृति-केंद्रित जीवनशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्ति एवं पर्यावरण संतुलन जैसे विषय केवल समाचार न बनें, बल्कि जनआंदोलन का रूप लें।

## बी ग्रुप की सरकारी नौकरियों में हरियाणा के योग्य युवाओं की अनदेखी के खिलाफ इनैलो का प्रदेशस्तरीय प्रदर्शन 18 मई को पंचकूला में होगा : कपिल काबदी

» **निर्मल सिंह विर्क**



पानीपत, यूटर्न 17 मई। सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में धांधली, योग्य होते हुए भी अयोग्य घोषित किए जाने और ग्रुप बी की नौकरियों में 90 प्रतिशत हरियाणा प्रदेश से बाहर के भाजपा शासित प्रदेशों के लोगों की भर्ती की जाने और हरियाणा के योग्य युवाओं की घोर अनदेखी किए जाने पर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी 18 मई को सुबह 11 बजे, सेक्टर 4, पंचकूला स्थित हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय के सामने एक बड़ा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करेगी। बाहर के लोगों को तरजीह देने से हरियाणा के युवा नौकरी से वंचित हो गए हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो सरकारी नौकरियों में सिर्फ बाहर के लोग ही नजर आएंगे और हरियाणा का युवा बेरोजगार। यह प्रदर्शन इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में किया जाएगा इस प्रदर्शन में इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार सभी इनेलो कार्यकर्ता, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य, जिला और हल्का प्रधान, प्रकोष्ठों के राज्य अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष समेत भारी संख्या में लोग भाग लेंगे।

## दिल्ली पुलिस की साइबर सेल की कार्रवाई, कनाडा के वीजा के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़े वीजा फ्रॉड मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर कनाडा भेजने और बिजनेस में निवेश कार्यक्रम के जरिए इमिग्रेशन दिलाने का झांसा देकर एक महिला से करीब 1.83 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक यह मामला कोविड-19 की पहली लहर के बाद का है। नौकरी और बेहतर भविष्य की तलाश में महिला कनाडा जाना चाहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात धर्मिंदर शर्मा से हुई।

धर्मिंदर शर्मा ने खुद को एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का डायरेक्टर (ऑपरेशंस) बताया और खुद को कनाडा इमिग्रेशन और विदेशी निवेश कार्यक्रमों का बड़ा विशेषज्ञ बताकर महिला का भरोसा जीत लिया।

आरोप है कि उसने महिला को कनाडा में बिजनेस निवेश योजना के नाम पर सीएडी (कैनेडियन डॉलर) 2,50,000 निवेश करने के लिए तैयार किया। इसके अलावा प्रोफेशनल फीस के तौर पर सीएडी 45,000 भी लिए। इस तरह आरोपी ने कुल सीएडी 2,95,000 यानी करीब 1.83 करोड़ रुपये हासिल कर लिए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने पर आकाशवाणी हिसार द्वारा मेगा मैराथन का भव्य आयोजन

## हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया फ्लैग ऑफ; 300 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 17 मई। आकाशवाणी प्रसारण के गौरवमयी 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी हिसार द्वारा एक भव्य 'मेगा मैराथन' का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 1936 में स्थापित हुई आकाशवाणी के 90 साल पूरे होने पर इस वर्ष देश भर के विभिन्न केंद्रों द्वारा देश के विकास में आकाशवाणी के अभूतपूर्व योगदान को प्रदर्शित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हिसार केंद्र द्वारा इस दौड़ का आयोजन किया गया। इस



मेगा मैराथन को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने हरी झंडी (फ्लैग ऑफ) दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा, 'आकाशवाणी दशकों से देश की आवाज बनी हुई है। समाज को स्वस्थ संस्कार, मनोरंजन और सटीक सूचनाएं देने में आकाशवाणी की कोई बराबरी नहीं है। देश के विकास और जन-जागरूकता में इसका योगदान अतुलनीय है।'

**पर्यावरण, स्वास्थ्य और मनोरंजन का अनूठा संगम:** इस मैराथन में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन को सफल बनाने में 'हिसार रोडीज' तथा 'हमारा प्यार हिसार' संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और दौड़ के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप कालियाना की मेडिकल टीम द्वारा एक मुफ्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां प्रतिभागियों और नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। दौड़ शुरू होने से पहले और बाद में सभी प्रतिभागियों ने एरोबिक्स और जुम्बा डांस का जमकर आनंद लिया, जिसने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

**विजेताओं का सम्मान और आभार:** मैराथन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नरसी राम बिश्नोई उपस्थित रहे। उन्होंने दौड़ में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विजेता धावकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आकाशवाणी हिसार के निदेशक श्री पवन कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं और सभी प्रतिभागियों का सहृदय धन्यवाद किया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी से सुनीता रानी, दीपक हुड्डा सहित केंद्र के सभी प्रस्तोता और स्टाफ सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# बिजली-पानी की मांग को लेकर चानौत गांववासियों का धरना दूसरे दिन भी जारी

» हरियाणा, यूटर्न/ 17 मई।

गांव चानौत में बिजली और पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। गांववासियों ने हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन की खुदाई का कार्य रुकवाकर मौके पर धरना शुरू कर दिया, जो रविवार को भी जारी रहा।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव चानौत की पेयजल और बिजली संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक पाइपलाइन का कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में गांव चानौत को हांसी शहर जाने वाली पाइलाइन से पीने के पानी की अलग पाइपलाइन उपलब्ध करवाना, गांव के जलघर के हळठ का बजट तुरंत जारी करना तथा गांव के लिए स्थायी बिजली लाइनमैन की नियुक्ति करना शामिल है।

धरने में गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान गांव के सरपंच हिमांशु दूहन और सामाजिक कार्यकर्ता अनूप चानौत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# विकलांग अधिकार मंच बरवाला ब्लॉक के बाबू लाल बने प्रधान

**विकलांग अधिकार मंच हरियाणा ब्लॉक बरवाला कमेटी का नौवां सम्मेलन हुआ कुम्हार धर्मशाला में**

» हरियाणा, यूटर्न/ 17 मई।

विकलांग अधिकार मंच हरियाणा के बरवाला ब्लॉक कमेटी का नौवां सम्मेलन कुम्हार धर्मशाला बरवाला में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता सतीश बुगाना ने की और संचालन नरेश भारतीय ने किया। इसमें मुख्य वक्ता बतौर ऋषिकेश राजली महासचिव विकलांग अधिकार मंच हरियाणा रहे और जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने भी अपने विचार रखें। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया



जिसमें बाबूलाल को प्रधान, नसीब राजली सचिव, नरेश भारतीय कोषाध्यक्ष, सतपाल खेड़ी बर्की को उपप्रधान, सुभाष खरक पुनिया सह सचिव, कृष्ण गुरी सलाहकार और रमेश सोढी, सुरजीत बहबलपुर, रवि बरवाला, मुख्तार व बलवान को सदस्य चुना गया है। जिला प्रधान कृष्ण गुरी ने कहा कि 24 मई को हिसार का जिला सम्मेलन किया जाएगा। इससे पहले 17 मई आदमपुर और 20 मई को उकलाना ब्लॉक का सम्मेलन किया जाएगा। ऋषिकेश राजली ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विकलांगों को 40 प्रतिशत पर बस पास देने की घोषणा तो कर दी लेकिन अलग-अलग जिलों में मंच के पास सूचनाएं आ रही है कि विकलांगों से टिकट ली जा रही है, मना करने पर बसों से नीचे उतरा जा रहा है। जिसकी सूचना रोड़वेज के जिलाधिकारी को लिखित में दी जा रही है लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे विकलांग परेशान हो रहे है। हरियाणा सरकार मामले को गंभीरता से ले और समाधान करें। फैमिली आईडी को आधार बनाकर हरियाणा सरकार ने काफी विकलांगों की पेंशन रोक रखी है इसे जल्दी चालू करें। अन्यथा हमें सड़को पर उतरना पड़ेगा। इस अवसर पर कृष्ण राजली, कैलाश ,रेखा जेवरा, रोहतास खेड्, सुरेंद्र बरवाला, कृष्ण औड,सकेंद्र बधावड़, जयनारायण ढाड, संदीप बोबुआ व जगबीर आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री राव नरेंद्र के आवास पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा : धर्मपाल गुप्ता



**निर्मल सिंह विक/पानीपत, यूटर्न/ 17 मई।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी डेलिगेट धर्मपाल गुप्ता ने जारी एक ब्यान में कहा की हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह के आवास पर हथियारबंद बदमाशों द्वारा किए गए हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस घटना को प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का बड़ा उदाहरण बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। धर्मपाल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जब कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी के प्रमुख नेताओं के घर भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद गंभीर है और इससे प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर राजनीतिक नेताओं पर इस प्रकार के हमले हो रहे हैं, तो आम नागरिक किस प्रकार खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे।

# समाज हित में किया गया प्रत्येक कार्य होता पुण्य का कार्य : कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर

## साईकिल वितरण समारोह में छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें, स्कूली बच्चियों के चेहरे हुए प्रफुल्लित

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 17 मई। केंद्रीय ऊर्जा, शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को आर्य पीजी कॉलेज सभागार में सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'पढ़ेंगी बेटियां, तभी आगे बढ़ेंगी बेटियां। बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करती है। कार्यक्रम में क्षेत्र की बेटियों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री ने 104 छात्राओं को पानीपत क्षेत्र में तथा 143 छात्राओं को समालखा क्षेत्र में साइकिल वितरित की। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 1000 साइकिलों का वितरण करने की योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम में सिम्मा संस्था के अतुलनीय योगदान की




प्रशंसा की। कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह केवल साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का अभियान है। जब समाज की संस्थाएं आगे आकर जरूरतमंद बच्चों और बेटियों के लिए कार्य करती हैं, तब समाज में संस्कार और संवेदनाएं मजबूत होती हैं। समाज हित में किया गया प्रत्येक कार्य पुण्य का कार्य होता है। जब किसी जरूरतमंद बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आती है, तब आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है। हमें इन संस्कारों को आगे बढ़ाना है और समाज में सेवा की भावना को जीवित रखना है। कैबिनेट मंत्री ने बेटियों से आ'न किया कि वे साइकिलों का उपयोग शिक्षा और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए करें। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वह स्कूल जाते थे तो उन्हें अपने गांव से तीन किलो मिटर पैदल स्कूल जाना पड़ता था। नौवीं कक्षा में पिता द्वारा साइकिल मिलने की खुशी आज भी उन्हें याद है।

# गांव भालसी बना जनसेवा, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण का नया केंद्र : डॉ नवीन नैन भालसी

**मातृ-दिवस पर शुरू हुए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के साथ अब नि:शुल्क मेडिकल कैंप की भी शुरूआत।**

» पानीपत, यूटर्न/ 17 मई।

ग्राम भालसी में सामाजिक एकता, जनसेवा और ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभर रहा है। इस दौरान डॉ नवीन भालसी ने बताया कि मातृ-दिवस के पावन अवसर पर गांव में बहन-बेटियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं एवं बेटियों को लगातार तीन महीने तक पूर्णतः नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज को मजबूत कर सकें। इसी जनहितकारी सोच को आगे बढ़ाते हुए आज रविवार से ग्राम भालसी में नि:शुल्क मेडिकल जांच शिविर की भी शुरूआत की गई। गांव के लोगों के




सहयोग एवं सहभागिता से आयोजित यह स्वास्थ्य सेवा अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

आज नि:शुल्क चिकित्सा जांच कार्यक्रम की शुरूआत चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने समस्त ग्रामवासियों एवं गणमान्य लोगों के साथ मिलकर की, पूरे कार्यक्रम में गांव की एकता, भाईचारा एवं सेवा भावना की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। विशेष बात यह रही कि इस जनसेवा अभियान में गांव के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

आरटिओस हॉस्पिटल – सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर, पानीपत के अनुभवी डॉक्टरों एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित कीं। शिविर में सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ (जनरल मेडिसिन डॉक्टर) एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन किया।

# थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक को जंगल में घसीटकर चाकू-ईंट से मार डाला

## नाबालिग समेत दो पकड़े गए

**दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके के बलजीत नगर में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। थप्पड़ मारने की रंजिश में शुक्रवार रात 21 वर्षीय युवक काव्य शर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने चाकू और ईंट से उस पर तब तक हमला किया जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।




पकड़े गए आरोपियों की पहचान विराट उर्फ गद्दू (22) और 15 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू और ईंट बरामद कर ली है। मामले में बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि काव्य शर्मा अपने परिवार के साथ बलजीत नगर में रहता था और एक फैक्टरी में काम करता था। शुक्रवार रात वह अपने दो दोस्तों के साथ रामजस पार्क स्थित पंजाबी बस्ती से गुजर रहा था। इसी दौरान आठ-दस लड़कों के समूह ने तीनों को घेर लिया और हमला करने की कोशिश की।

हमले के दौरान काव्य के दोनों दोस्त मौके से भाग निकले, लेकिन आरोपी उसे पकड़कर पास के जंगल की ओर घसीटकर ले गए। वहां चाकू और ईंट से उस पर ताबड़तोड़ हमला किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे।

पुलिस के अनुसार, काव्य के सीने पर चाकू के कई घाव मिले, जबकि चेहरे और सिर पर ईंट से हमला किया गया था। दोस्त की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। देर रात कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि काव्य और आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते थे। दो दिन पहले किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसी दौरान काव्य ने कांची नामक युवक को थप्पड़ मार दिया था। उस समय दोस्तों ने बीचबचाव करा दिया था, लेकिन आरोपी बदले की फिराक में थे।

# स्क्रीन टाइम, तनाव और जंक फूड से बिगड़ रही है युवाओं की मानसिक-शारीरिक सेहत; अध्ययन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

ध्यान की कमी और हाइपर एक्टिविटी (संयुक्त प्रकार की एडीएचडी) से पीड़ित युवाओं में पेट के आसपास मोटापा बढ़ने का खतरा अधिक होता है, जो आगे चलकर हाई ब्लडप्रेशर का कारण बनता है। यह खुलासा डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और एबीवीआईएमएस के एक अध्ययन में हुआ है।



इसमें युवाओं के स्वास्थ्य को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। अध्ययन में बताया कि संयुक्त प्रकार की एडीएचडी वाले युवाओं में कमर की चौड़ाई बढ़ने का खतरा 2.4 गुना और वेस्ट-हाइट रेशियो बढ़ने का खतरा 1.9 गुना अधिक है। शोध में सामने आया कि उम्र बढ़ने के साथ एडीएचडी और मोटापे का संबंध और मजबूत होता जाता है।

हालांकि, अध्ययन में हाई ब्लड प्रेशर के साथ सीधा सांख्यिकीय संबंध नहीं मिला, लेकिन एडीएचडी वाले युवाओं में उम्र बढ़ने के साथ ब्लड प्रेशर बढ़ने का रुझान साफ दिखाई दिया। यह अध्ययन दिल्ली-एनसीआर के युवा वयस्कों, खासकर कॉलेज छात्रों, पर किया गया। यह अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ 'मन बायोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

इसके अंदर बताया गया है कि दिल्ली में युवाओं के बीच प्री-हाइपरटेंशन और सेंट्रल ओबेसिटी पहले से ही चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में यह शोध बताता है कि गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) की रोकथाम में मानसिक स्वास्थ्य को भी अहम स्थान दिया जाना चाहिए।

**ये आदतें बिगाड़ रहीं आपकी सेहत**

अध्ययन के शोधकर्ता आरएमएल अस्पताल के मनोरोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. लोकेश शेखावत ने बताया कि एडीएचडी के कारण बिना सोचे-समझे तुरंत प्रतिक्रिया देना और बिना सोचे-समझे व्यवहार करना बढ़ जाता है। इससे अस्वस्थ खान-पान, कम शारीरिक गतिविधि और खराब जीवनशैली की आदतें विकसित होती हैं, जो मोटापा और भविष्य में हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ाती हैं।



# दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक ड्रग सप्लायर को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

दिल्ली में बाहरी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 8 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 14 मई को स्पेशल स्टाफ के एसआई विपिन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गांजा सप्लाई करने वाला एक व्यक्ति शाम के समय बापरोला इलाके में नशीला पदार्थ पहुंचाने आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसआई मुरारी लाल, हेड कांस्टेबल रोहित, कांस्टेबल हरकेश, विजय लौरा और अनुज शामिल थे। पूरी कार्रवाई एसीपी ऑपरेशंस वीरेंद्र दलाल की निगरानी में की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर के साथ मिलकर बापरोला इलाके में जाल बिछाया। कुछ देर बाद कंधे पर नीले रंग का बैग लेकर एक युवक वहां पहुंचा, जिसे मुखबिर ने पहचान लिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अल्ताफ आलम के रूप में हुई, जो उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला है और उसकी उम्र 20 वर्ष बताई गई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बैग की तलाशी के दौरान टीम को उसके अंदर छिपाकर रखे गए गांजे के चार पैकेट बरामद हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के बाहर खोदे गए नाले में गिरीं 70 वर्षीय बुजुर्ग, आधे घंटे तक फंसी रहीं

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 17 मई।** अभयखंड-1 एचआईजी फ्लैट में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। घर के बाहर नगर निगम की ओर से खोदे गए कच्चे नाले में 70 वर्षीय बुजुर्ग सीता देवी गिर गईं। पैर फिसलने से नाले में गिरीं बुजुर्ग करीब आधे घंटे तक अंदर फंसी रहीं। शोर सुनकर जुटे पड़ोसियों ने बांस की सीढ़ी लगाकर उन्हें बाहर निकाला। हादसे में सीता देवी के हाथ, पैर, कमर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां एक्स-रे कराया जा रहा है। घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। बुजुर्ग की बहू स्वाती ने बताया कि उनकी सास रोज की तरह मंदिर में पूजा के लिए घर से निकल रही थीं। घर के बाहर सीसी नाला निर्माण के लिए 15 दिन पहले नगर निगम ने खोदाई की थी और रैंप तोड़ दिया था। घर से निकलते ही उनका पैर फिसल गया और वह खुले नाले में जा गिरीं। नाले में गिरते ही उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर स्वाती और आसपास के लोग घरों से बाहर निकले। नाला गहरा होने के कारण बुजुर्ग खुद से बाहर नहीं निकल पा रहीं थीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पड़ोसियों की मदद से बांस की सीढ़ी के जरिए उन्हें बाहर निकाला गया। स्वाती ने बताया कि बाहर निकालते ही उनकी स्वास्थ्य जांच कराई गई। बुजुर्ग के हाथ, पैर के साथ ही कमर और कंधे में चोट आई है। कंधे में फ्रैक्चर की आशंका के चलते डॉक्टरों ने एक्स-रे कराने को कहा है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर मानसिक विक्षिप्त युवक को पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 17 मई।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दो लड़कों ने लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में रहने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी लोकेश शर्मा ने बताया कि उनका बेटा अनूप शर्मा (36), मानसिक रूप से विक्षिप्त है। 13 मई को उनका बेटा अनूप घर के बाहर गली में घूम रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले कुलदीप और उनके भतीजे दर्शित ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडे से अनूप की पिटाई की। घायल अनूप को परिजनों ने दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया है। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पिता की शिकायत पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दिल्ली में बुजुर्गों को निशाना बनाकर उनसे पैसे चुराने वाले दंपति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

» **दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे दंपत्ति को गिरफ्तार किया है, जो बुजुर्ग यात्रियों को निशाना बनाकर उनसे पैसे चोरी करते थे। आरोपियों की पहचान पति सुरेश (25) और पत्नी रजनी उर्फ अंजली (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करके अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। हाल ही में दोनों आरोपियों ने ई-रिक्शा में यात्रा करके एक बुजुर्ग यात्री से एक लाख रुपये चोर कर लिए थे।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने शिवाजी मार्ग मोती नगर के पास से फन सिनेमा रेड लाइट तक जाने के लिए एक ई-रिक्शा किराए पर लिया था। उसके पास एक छोटा बैग था, जिसमें एक लाख रुपये रखे हुए थे। अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने के बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि उसका बैग फटा हुआ है और उसमें रखे 1 लाख रुपये गायब हैं। इसके बाद बाद आरोपी ने कीर्ति नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



आरोपी को पकड़ने के लिए बाकायदा पुलिस टीम का भी गठन किया गया था, जिसमें प्रमुख रूप से इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एएसआई राजेंद्र, एएसआई दीपक, हेड कांस्टेबल पवन, कांस्टेबल चंदर प्रकाश और महिला कांस्टेबल ज्योति को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का पूरा जायजा लिया। वहां से जुड़ी पूरी स्थित की बारीकी से पड़ताल की। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपी की पूरी गतिविधियों के बारे में जानने की कोशिश की गई, ताकि किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जा सके।

इस बीच, पुलिस ने जांच के क्रम में अपराध में संलिप्त ई-रिक्शा भी बरामद किया। अब पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है।

# पानी संकट से निजात की उम्मीद बने 101 जलाशयों का कायाकल्प महाअभियान शुरू, संधू ने आरंभ किया संचय अभियान

» **दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

भीषण गर्मी और गहराते जल संकट से निजात पाने के लिए राजधानी में बड़ी पहल शुरू हुई है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधु ने शनिवार को पश्चिम विहार के डिस्ट्रिक्ट पार्क से डीडीए के जल संचय अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत पहले चरण में दिल्ली के 101 प्रमुख जलाशयों का कायाकल्प किया जाएगा, जिसका सीधा उद्देश्य राजधानी के रसातल में जा रहे भूजल को फिर से जीवित करना है। यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दिल्ली ऐतिहासिक रूप से अपनी बावलियों, जलाशयों और प्राकृतिक धाराओं के लिए जानी जाती थी, जो शहरीकरण और अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए। उपराज्यपाल ने कहा कि यह केवल जलाशयों के सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और स्थायी शहरी विकास की दिशा में एक ठोस कदम है।



**मानसून के पानी को सहेजने की तैयारी:** उपराज्यपाल ने निर्देश दिए कि पहले चरण के तहत चिह्नित सभी 101 जलाशयों के जीर्णोद्धार का काम 30 अगस्त तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। इसके पीछे मुख्य रणनीति यह है कि मानसून की बारिश शुरू होने से पहले इन जलाशयों की ड्रेजिंग (मिट्टी निकालना), खुदाई और सफाई का काम पूरा हो जाए। इन जलाशयों के प्राकृतिक जलग्रहण (कैचमेंट) चैनलों को भी साफ किया जा रहा है, ताकि बारिश का एक-एक बूंद पानी बिना किसी रुकावट के इन तालाबों तक पहुंचे और जमीन के भीतर जाकर भूजल स्तर को बढ़ा सके।

**द्वारका-दक्षिण दिल्ली पर खास फोकस:** डीडीए के पास कुल 822 जलाशय हैं, जिनमें से 424 को कयाकल्प के लिए चुना गया है। उनमें से 101 पर युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है। जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित रहने वाले इलाकों को इस योजना में प्राथमिकता दी गई है। करीब 155 हेक्टेयर (383 एकड़) क्षेत्र में फैले इन 101 जलाशयों में सबसे अधिक 22 जलाशय द्वारका जोन में हैं। इसके अलावा दक्षिण दिल्ली में 13, रोहिणी में 17 और नरेला में 6 जलाशयों का कायाकल्प किया जाएगा। पश्चिम विहार के जिस डिस्ट्रिक्ट पार्क से अभियान शुरू हुआ, वहां का 1.47 हेक्टेयर का जलाशय भी इस सूची में शामिल है।

अभियान के दूसरे चरण की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है, जिसे मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस चरण में जलाशयों की घेराबंदी (फेंसिंग), तटबंधों को मजबूत करना और जहां संभव हो, वहां छोटे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाना शामिल है, ताकि जलाशयों में केवल साफ पानी ही रहे। इनके चारों ओर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा, ताकि ये इलाके दिल्ली के 'फेफड़ों' के रूप में भी काम कर सकें। इस अवसर पर विधायक करनैल सिंह और डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवन कुमार भी मौजूद रहे।

**नक्शे पर फिर से दिखेंगे तालाब:** महाभियान के तहत दिल्ली के अलग-अलग कोनों में स्थित जिन 101 जलाशयों को पुनर्जीवित किया जा रहा है।

# स्वच्छ ऊर्जा में नीदरलैंड के साथ साझेदारी से भारत को ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने में मिलेगी मदद : प्रल्हाद जोशी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।



केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रविवार को कहा कि स्वच्छ ऊर्जा में नीदरलैंड के साथ साझेदारी से भारत को ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने में मदद मिलेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा से भारत-नीदरलैंड साझेदारी को गति मिलेगी। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा परिवर्तन में सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा इनोवेशन को मजबूती मिलेगी, निवेश बढ़ेगा, नए आर्थिक अवसर पैदा होंगे और भारत ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र के रूप में उभरने में सहायक होगा। यह साझेदारी सतत विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ भविष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करती है।

इसके साथ केंद्रीय मंत्री ने पीएम की यात्रा के दौरान भारत और नीदरलैंड के बीच हुए समझौतों के बारे में भी बताया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में बताया गया कि भारत और नीदरलैंड ने नवीकरणीय ऊर्जा ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का निर्णय लिया है। इससे भारत में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार के लिए टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और फाइनेंस हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे ग्रीन एनर्जी में भारतीय उद्योग, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों के लिए अधिक अवसर पैदा होंगे। दूसरा समझौता ग्रीन हाइड्रोजन पर रोडमैप तैयार करना है। इससे यूरोप में भारतीय ग्रीन हाइड्रोजन के निर्यात के लिए बड़ा बाजार तैयार होगा। साथ ही, स्टोरेज और पोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश एवं टेक्नोलॉजी आएगी। साथ ही, ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

# गौतम अदाणी ने बिहार में शुरू की 150 करोड़ रुपए की नेत्र चिकित्सा पहल

# देशभर के लिए 500 करोड़ रुपए का संकल्प

» मस्तीचक, यूटर्न/ 17 मई।



अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने 'सेवा ही साधना है' के मूलमंत्र से प्रेरित होकर रविवार को बिहार में 150 करोड़ रुपए की बड़ी नेत्र स्वास्थ्य सेवा की नींव रखी। इस पहल के जरिए ग्रामीण इलाकों में सस्ती दरों पर आंखों का इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में नेत्र चिकित्सा परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा गौतम अदाणी ने देशभर में नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े दूसरे बड़े मिशन की घोषणा भी की। मस्तीचक में शुरू की जा रही इस पहल से हर साल लगभग 3.3 लाख आंखों की सर्जरी मुमकिन हो सकेगी। इसके साथ ही हर साल आंखों की देखभाल के क्षेत्र में 1,000 हेल्थ प्रोफेशनल को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इन पहल आंखों के इलाज के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण नेत्र चिकित्सा नेटवर्क में से एक बन सकती है। इस मौके पर गौतम अदाणी ने कहा, 'आज बिहार की पवित्र धरती मस्तीचक आकर मन गर्व, भावनाओं और आत्मीयता से भर गया। गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर एक अलग ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रेरणा का अनुभव हुआ। यह स्थान केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, संस्कार और सामाजिक जागरण का एक सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है।

गायत्री परिवार, अखंड ज्योति और आदरणीय मृत्युंजय जी के इस असाधारण कार्य के लिए उन्हें हार्दिक साधुवाद। किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना केवल इलाज नहीं होताइयह उसके जीवन में फिर से उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान लौटाने का पुण्य काम है। मानवता के लिए इससे बड़ी सेवा शायद ही कुछ और हो सकती है। हमारे लिए भी 'सेवा ही साधना है' कोई नारा नहीं, बल्कि करुणा को कर्म में बदलने की प्रेरणा है। बिहार हमेशा से राष्ट्र को नई चेतना देने वाली धरती रही है। यह पुनीत मुहिम उसी सेवा भावना, संस्कार और समर्पण के माध्यम से देश को नई रोशनी देने का प्रयास है।'

अदाणी समूह की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के कार्यों को और मजबूती प्रदान करने के लिए 150 करोड़ रुपए का सहयोग देगी। इस राशि से मस्तीचक में अदाणी सेंटर फॉर आई (एसीई) और अदाणी ट्रेनिंग इन ऑप्थैल्मिक मेडिसिन (एटीओएम) की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के तहत 10 एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे बिहार और आसपास के दूरदराज गांवों तक आंखों के इलाज को पहुंचाया जा सकेगा। एसीई एक ऐसा अस्पताल होगा जहां आसपास के क्षेत्रों से आए आम लोगों को सस्ते और बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं एटीओएम में आंखों के डॉक्टर, सहायक कर्मचारी और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि गांवों में आंखों के इलाज की सुविधा और मजबूत हो सके। गौतम अदाणी ने मस्तीचक में शुरू की गई पहल को लंबे समय तक सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए संचालन सहयोग की भी घोषणा की। मस्तीचक में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में गौतम अदाणी के साथ अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे।

# एनपीएस पेंशनर्स को राहतः अब गंभीर बीमारी में सरेंडर कर सकेंगे एन्युटी पॉलिसी

### मेडिकल इमरजेंसी में फंसे लाखों लोगों को मिलेगी बड़ी आर्थिक मदद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।




नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से जुड़े लाखों पेंशनर्स और नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) ने एन्युटी पॉलिसी सरेंडर करने के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब गंभीर बीमारी जैसी विशेष परिस्थितियों में एन्युटी पॉलिसी को बीच में बंद कर पैसा निकाला जा सकेगा, जिससे मेडिकल इमरजेंसी में आर्थिक संकट का सामना कर रहे लोगों को बड़ी मदद मिलेगी। पीएफआरडीए को मेडिकल इमरजेंसी में पूंजी तक पहुंच न होने संबंधी लगातार आवेदन मिल रहे थे, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। अब तक, नेशनल पेंशन सिस्टम के तहत रिटायरमेंट पर कुल फंड का कम से कम 40 फीसदी हिस्सा एन्युटी खरीदने में लगाना अनिवार्य होता था, जिसे एक बार खरीदने के बाद बीच में बंद करना लगभग असंभव था। नए नियमों से उन रिटायर्ड कर्मचारियों को खास राहत मिलेगी जो अचानक आई स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। नए सर्कुलर के तहत, स्वयं या परिवार के सदस्य की गंभीर बीमारी की स्थिति में बीमा कंपनियां विशेष परिस्थितियों में एन्युटी सरेंडर की अनुमति दे सकती हैं। हालांकि, यह प्रक्रिया स्वचालित नहीं होगी और बीमा कंपनियों द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद ही अंतिम मंजूरी मिलेगी। पीएफआरडीए ने पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए कहा है कि बीमा कंपनी को सरेंडर के बाद मिलने वाली राशि, सभी टैक्स और कटौतियों की विस्तृत जानकारी पेंशनर्स को लिखित में देनी होगी, और यह पूरी प्रक्रिया पेंशनर्स की लिखित सहमति से ही होगी। विशेषज्ञ हालांकि सलाह देते हैं कि तात्कालिक राहत के लिए एन्युटी सरेंडर करने से पहले इसके दीर्घकालिक वित्तीय असर पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य बुढ़ापे में नियमित आय सुनिश्चित करना है।

# पर्सनल लोन अस्वीकृति, अब आय नहीं, वित्तीय व्यवहार निर्णायक

### डिजिटल युग में आसान हुए लोन के बावजूद बढ़ रही अस्वीकृति

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।



डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक के विस्तार ने पर्सनल लोन लेना बेहद आसान कर दिया है। मोबाइल ऐप से मिनटों में आवेदन की सुविधा है, लेकिन इसके बावजूद अच्छी सैलरी और स्थिर नौकरी वालों के भी आवेदन बड़ी संख्या में रिजेक्ट हो रहे हैं। अब बैंक सिर्फ आय या सिबिल स्कोर को नहीं, बल्कि आवेदक के संपूर्ण वित्तीय व्यवहार को लोन मंजूरी का मुख्य आधार बना रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, पर्सनल लोन एक अनसिक्योर्ड लोन है, इसलिए बैंक आवेदक की क्रेडिट हिस्ट्री, खर्च करने की आदत, बैंक ट्रांजैक्शन और भुगतान अनुशासन पर विशेष ध्यान देते हैं। फिनटेक कंपनी पेमी के संस्थापक महेश शुक्ला और ईजीपे के शम्स तबरेज बताते हैं कि अस्वीकृति का सबसे बड़ा कारण कम सैलरी नहीं, बल्कि खराब क्रेडिट बिहेवियर है। कई युवा एक साथ बीएनपीएल ऐप, क्रेडिट कार्ड और छोटे डिजिटल लोन का उपयोग कर अपना डेट-टू-इनकम रेशियो बढ़ा लेते हैं। इसके अलावा, बार-बार लोन आवेदन करने से भी क्रेडिट प्रोफाइल कमजोर होती है।

# गौतम एक्सिम में स्टॉक स्प्लिट का ऐलान

### रिकॉर्ड डेट 22 मई तय, हर शेयर के बदले मिलेंगे दो शेयर; जानें इसका मतलब


» मुंबई, यूटर्न/ 17 मई।

शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए एक बड़ी खबर है। गौतम एक्सिम लिमिटेड अपने शेयरों का बंटवारा करने जा रही है, जिसे स्टॉक स्प्लिट कहते हैं। कंपनी ने इस बदलाव के लिए 22 मई 2026 की रिकॉर्ड डेट तय की है, जिसका फायदा मौजूदा निवेशकों को मिलेगा और नए निवेशकों के लिए भी शेयर अधिक आकर्षक हो जाएंगे। कंपनी ने 1:2 के अनुपात में स्टॉक स्प्लिट की घोषणा की है। इससे 10 रुपये फेस वैल्यू वाला शेयर 5 रुपये का हो जाएगा, यानी प्रत्येक शेयरधारक को एक शेयर के बदले दो शेयर मिलेंगे। हालांकि, कुल निवेश मूल्य समान रहेगा।

कंपनियां आमतौर पर यह कदम शेयर को छोटे निवेशकों के लिए अधिक सुलभ बनाने और बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए उठाती हैं। इस कॉर्पोरेट एक्शन के लिए कंपनी ने 22 मई को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट घोषित की है। इसका मतलब है कि जो निवेशक इस तारीख तक गौतम एक्सिम (जीएफएल, कोडः 540613) के शेयर अपने डीमैट खाते में रखेंगे, वे ही इस स्टॉक स्प्लिट का लाभ उठा पाएंगे। इच्छुक निवेशकों के लिए यह तारीख बेहद महत्वपूर्ण है।

# 48 घंटों में दूसरी बढ़ोतरीः वैश्विक तेल संकट के बीच दिल्ली में सीएनजी फिर से हुई महंगी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।




दिल्ली में सीएनजी फिर से महंगी हो गई है। रविवार को इसकी कीमतों में 1 प्रति रुपए किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। सिर्फ दो दिनों में यह दूसरी बार बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में यात्रियों पर ईंधन की लागत का बोझ और बढ़ गया है। दिल्ली में सीएनजी की कीमत एक रुपए बढ़ने के बाद रविवार को 80.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। यह पहली बार है कि दिल्ली में सीएनजी के दाम 80 रुपए के आंकड़े को पार कर गए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत अब 88.70 रुपए प्रति किलोग्राम होगी। इससे पहले शुक्रवार को सीएनजी की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया। उस समय दिल्ली में सीएनजी की दर बढ़कर 79.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई थी। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमतों में लगभग 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी भी हुई थी। इस बदलाव के बाद दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपए प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। ईंधन की कीमतों में यह उछाल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा व्यापार मार्गों में से एक होर्मुज स्ट्रेट की लगातार नाकेबंदी के बीच आया है। वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है और आपूर्ति में रुकावटों के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर हो रही आलोचना का जवाब देते हुए बीते दिनों केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को सीमित रखने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि कई देशों में ईंधन की कीमतों में 20 प्रतिशत से लेकर लगभग 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः केवल 3.2 प्रतिशत और 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा संस की लिस्टिंग पर बढ़ा दबाव

### आरबीआई के नियम और समूह के भीतर भी गहराए मतभेद

नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई। देश के सबसे बड़े कारोबारी समूह, टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने का चौतरफा दबाव बढ़ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए नियम, पूंजी जुटाने की आवश्यकता और प्रमुख शेयरधारकों की मांग के चलते यह कंपनी अब तक के सबसे बड़े कॉरपोरेट बदलाव के मुहाने पर खड़ी है। आरबीआई के नए नियमों के अनुसार, कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी) के रूप में टाटा संस (संपत्ति 1.75 लाख करोड़ रुपए) को मार्च 2025 तक सूचीबद्ध होना पड़ सकता है। इसी बीच, टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स के भीतर से भी लिस्टिंग की मांग उठ रही है। वरिष्ठ ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह का मानना है कि इससे सेमीकंडक्टर और नई तकनीकों जैसे विस्तार वाले क्षेत्रों के लिए पूंजी जुटाना आसान होगा। वहीं, 18.4 फीसदी हिस्सेदारी वाले शापूरजी पलोनजी समूह भी अपनी हिस्सेदारी बेचकर कर्ज कम करने के लिए लिस्टिंग का लंबे समय से समर्थन कर रहा है।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम स्थिर, मार्च से नहीं बढ़े घरेलू भाव

#### दिल्ली में घरेलू सिलेंडर 913 रुपये पर बरकरार; वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम भी स्थिर

नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई। तेल कंपनियों ने रविवार को घरेलू और वाणिज्यिक दोनों प्रकार के सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि घरेलू सिलेंडर के दाम मार्च 2024 से ही स्थिर बने हुए हैं, जब आखिरी बार 60 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर अभी भी 913 रुपये में मिल रहा है। देशभर में उपभोक्ताओं को रविवार को एलपीजी सिलेंडर के मोर्चे पर कोई नया झटका नहीं लगा है। रविवार को तेल कंपनियों द्वारा जारी की गई नई कीमतों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम अपरिवर्तित रहे। दिल्ली में जहां यह 913 रुपये में बिक रहा है, वहीं मुंबई में 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये का रेट बना हुआ है। मार्च 2024 के बाद से घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जब आखिरी बार 60 रुपये का इजाफा देखा गया था। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दामों में भी आज कोई वृद्धि नहीं की गई है, जो फिलहाल दिल्ली में 3071.50 रुपये, मुंबई में 3024 रुपये और चेन्नई में 3237 रुपये में उपलब्ध है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### बीके अस्पताल में बढ़े डायरिया के मरीज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 मई।** बढ़ती गर्मी अब लोगों की सेहत पर असर डाल रही है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो शुक्रवार की तुलना में एक डिग्री अधिक रहा। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में डायरिया और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बीके अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 20 मरीज डायरिया और पानी की कमी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। कुछ दिन पहले मौसम सुहावना होने के कारण यह संख्या घटकर दो से तीन मरीज प्रतिदिन तक रह गई थी, लेकिन तापमान बढ़ते ही मरीजों की संख्या में फिर तेजी आने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों और बुजुर्गों पर गर्मी का असर सबसे अधिक पड़ रहा है। बीके अस्पताल के सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि खुले में बिक रहे कटे फल, बर्फ वाले जूस और रेहड़ियों पर मिलने वाले मसालेदार भोजन डायरिया फैलने की बड़ी वजह बन रहे हैं। गर्मी में खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि तेज धूप और अत्यधिक पसीना निकलने के कारण शरीर में पानी और ग्लूकोज की कमी हो रही है, जिससे लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। कई बार कटे फल लंबे समय तक खुले में रखे रहते हैं, जिन पर धूल और मक्खियां बैठने से बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं और पेट संबंधी बीमारियां बढ़ जाती हैं। डॉक्टरों ने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, ताजा और स्वच्छ भोजन करने तथा खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी है।

### सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारा, मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 17 मई।** शिप्रा सन सिटी के पास सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला के देवर ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है। विनीत कुमार निवासी मयूरा चौक नोएडा परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी भाभी धर्मेंद्री 14 मई को किसी काम से इंदिरापुरम आई थीं। काम खत्म कर वह शाम करीब पांच बजे नोएडा सेक्टर-62 की ओर जाने के लिए शिप्रा सन सिटी के सामने पहुंचीं। वह सड़क पार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन आया और धर्मेंद्री को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि धर्मेंद्री दूर जाकर गिरीं। इस टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तभी आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

## शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसायटी के फ्लैट की बालकनी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 17 मई।**

शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसायटी के फ्लैट की पांचवीं मंजिल की बालकनी में शनिवार दोपहर आग लग गई। आग लगने से बालकनी में रखा सामान जलकर राख हो गया। सोसायटी के लोगों ने फायर सिस्टम की मदद से खुद ही आग पर काबू पाया।

आग लगने पर कोई जनहानि नहीं हुई। आरडब्ल्यू अध्यक्ष बलविंदर परिहार ने बताया कि सोसायटी में सातवीं मंजिल के फ्लैट संख्या 709 में मरम्मत का काम चल रहा था। इस दौरान वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी पांचवीं मंजिल के फ्लैट संख्या 509 की बालकनी में लगे फाइबर शेड पर गिर गई। इससे आग लग गई। धुआं और आग की लपटें देखकर सोसायटी में अफरा-तफरी मच गई। सोसायटी में फायर अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने



पर बालकनी में रखा सामान जल गया। आग बुझने के बाद लोग अपने फ्लैटों में वापस लौट गए। आग लगने से कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी की जा रही है।

सोसायटी के लोगों ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को नहीं दी गई है। इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में कोई शिकायत नहीं आई है।

## नीट पेपर लीक मामला: कोर्ट ने टीचर मनीषा मांधरे को 14 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंधारे को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा है। पुणे की रहने वाली और एनटीए की एक्सपर्ट टीचर मनीषा गुरुनाथ मंधारे पर बायोलॉजी के प्रश्न पत्र लीक करने की साजिश में शामिल होने का शक है। वहीं, केमिस्ट्री के प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी को पेपर लीक का 'मुख्य आरोपी' माना जा रहा है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि मनीषा वनस्पति बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) और जूलॉजी (प्राणी विज्ञान) के प्रश्नपत्रों का अनुवाद करने में विशेषज्ञ थी। इसके साथ ही, वह पीवी कुलकर्णी और मनीषा वाघमारे के साथ साजिश में शामिल थी। उसने प्रश्नपत्र आरोपी शुभम को दिया था।

सीबीआई ने कस्टडी की मांग करते हुए अदालत में कहा कि देशभर में एक साथ जांच



चल रही है। जांच के उद्देश्य से हमें उसे देश के अलग-अलग हिस्सों में ले जाना है, क्योंकि प्रश्नपत्र उसके पास था। वहीं, अदालत में मनीषा के वकील ने गिरफ्तारी का विरोध किया। उन्होंने कहा, 'जिस तरीके से मनीषा को गिरफ्तार किया गया, वह अवैध है। उसे सूर्यास्त के बाद गिरफ्तार किया गया और फिर रात 1 बजे दिल्ली लाया गया।' इस पर अदालत ने बचाव पक्ष के वकील को इस संबंध में एक अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया।

## दवा के साथ योग से भी मरीजों का होगा उपचार



### ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों को मिलेगा लाभ

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के अनुसार अस्पतालों की ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों को उनकी बीमारी और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार सरल योगासन, प्राणायाम और ध्यान की जानकारी दी जाएगी। अस्पतालों में नियमित योग सत्र आयोजित करने की भी योजना बनाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव, मोटापा और सांस संबंधी बीमारियों में दवाइयों के साथ योग करने से बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल शुरू की गई है।

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 मई।** जिले में उच्च रक्तचाप के लगातार बढ़ते मामलों के बीच अब बीके अस्पताल में दवाइयों के साथ योग के माध्यम से भी मरीजों को राहत देने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बीके अस्पताल में एकीकृत स्वास्थ्य व्यवस्था लागू करने की पहल शुरू की है। इसके तहत मरीजों को उपचार के दौरान योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। जिले में वर्तमान में 60350 मरीज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से नियमित रूप से उच्च रक्तचाप की दवाइयां ले रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित योग और व्यायाम रक्तचाप नियंत्रण में प्रभावी साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से बीके अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत जिला आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक, योग सहायक और आयुर्वेदिक चिकित्सक अस्पतालों में मरीजों को योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करेंगे। विभाग का उद्देश्य मरीजों को दवाइयों के साथ आयुष पद्धति और योग का लाभ उपलब्ध कराना है, जिससे बीमारियों से जल्दी राहत मिल सके और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत हो।

**समय-समय पर लगाए जाते हैं जागरूकता शिविर:** जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रेना के अनुसार जिले में 60350 मरीज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से नियमित रूप से उच्च रक्तचाप की दवाइयां ले रहे हैं। समय-समय पर जागरूकता और जांच शिविर लगाकर लोगों को उच्च रक्तचाप के कारण और इससे बचाव के उपाय बताए जाते हैं। इनमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और मदिरापान से दूरी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**आधुनिक चिकित्सा के साथ योग का समन्वय:** स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति और योग का समन्वय मरीजों के लिए अधिक प्रभावी साबित होगा। इससे मरीजों को केवल बीमारी से राहत ही नहीं मिलेगी, बल्कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित होंगे। विभाग को उम्मीद है कि यह पहल सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगी।

उच्च रक्तचाप के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को दवाइयों के साथ जीवनशैली में सुधार करना बेहद जरूरी है। नियमित योग, संतुलित आहार और तनाव मुक्त दिनचर्या अपनाकर रक्तचाप को काफी हद तक नियंत्रित रखा जा सकता है।

-डॉ. एके यादव, नोडल अधिकारी

**रक्तचाप नियंत्रण में योग की भूमिका:** बदलती जीवनशैली, मानसिक तनाव और असंतुलित खानपान के कारण उच्च रक्तचाप तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित योग, प्राणायाम और ध्यान न केवल मानसिक तनाव को कम करते हैं, बल्कि शरीर में रक्त संचार को भी संतुलित बनाए रखते हैं। भ्रामरी, नाड़ी शोधन, ध्यान, शवासन और योगनिद्रा जैसे अभ्यास उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों के लिए लाभकारी माने जाते हैं। यदि लोग प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो रक्तचाप सहित कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

## 3.70 करोड़ से बदलेगी लोनी के वार्डों की सूरत

**लोनी, यूटर्न/ 17 मई।** नगर पालिका परिषद के तीन वार्डों में 3.70 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से वार्ड 9, वार्ड 23 और वार्ड 37 की गलियों में सड़क और नाली निर्माण होगा। शनिवार को लोनी नगर पालिका चेयरमैन रंजीता धामा ने नारियल फोड़कर इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

चेयरमैन रंजीता धामा ने बताया कि कुछ समय पूर्व इन कॉलोनियों के लोगों ने उनसे मुलाकात कर विकास कार्य कराने की मांग की थी। इन कार्यों के पूरा होने से वार्ड के लोगों को जर्जर मार्गों और जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के निर्देश भी दिए। साथ ही बताया कि बेहटा हाजीपुर नहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए एक पोकलेन मशीन खरीदी गई है। इससे नहर की दैनिक सफाई सुनिश्चित होगी और लोगों को गंदगी से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर सभासद कामू, पिंटू, मुकेश पाल, मुनव्वर, इमरान, सचिन चौधरी, अजय शर्मा, पूरन सिंह कश्यप, अरुणा कुमारी, रानी, भारती, सरोज, कुसुम, उमा देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अग्नि सुरक्षा के नहीं इंतजाम, अजनारा जेनेक्स पर वाद दायर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 17 मई।** इन दिनों सोसायटियों में फायर ऑडिट व मॉक ड्रिल अभियान चलाकर दमकल विभाग लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को निरीक्षण के दौरान क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र स्थित अजनारा जेनेक्स के बिल्डर अशोक गुप्ता, मेंटेनेंस एजेंसी के मालिक अनिल गुप्ता के खिलाफ सीएफओ राहुल पाल ने न्यायालय में वाद दायर कराया है।

## गर्मी बढ़ते ही बढ़े सिरदर्द, उल्टी और दस्त के मरीज

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 17 मई।**

तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान का असर शनिवार को लोगों की सेहत पर दिखाई दिया। जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी बढ़ने के साथ ही जिला एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में सिरदर्द, उल्टी, दस्त, चक्कर और कमजोरी से परेशान मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल में फिजिशियन की ओपीडी में आने वाले करीब 60 फीसदी मरीज गर्मी से जुड़ी परेशानियों के साथ पहुंच रहे हैं।

वरिष्ठ फिजिशियन व आईएमए के प्रदेश सचिव डॉ. वीबी जिंदल का कहना है कि तेज गर्मी में शरीर में पानी और जरूरी लवण तेजी से कम होने लगते हैं। लंबे समय तक धूप में रहने, कम पानी पीने और तला-भुना भोजन करने से



डिहाइड्रेशन, लू, सिरदर्द, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। कई मरीज चक्कर, घबराहट और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट (तरलीकरण) रखना सबसे जरूरी है। लोग दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और मौसमी फलों का सेवन करें। लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।

एमएमजी अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन उपाध्याय का कहना है कि बच्चों में गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। कई बच्चे तेज धूप में खेलने के बाद बुखार, उल्टी और पेट खराब होने की शिकायत लेकर आ रहे हैं। छोटे बच्चों के शरीर में पानी की कमी जल्दी होती है, इसलिए अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। बच्चों को धूप में खेलने से बचाएं और हल्का, पौष्टिक भोजन दें।

**इनसे बीमारी का खतरा अधिक:** गर्मी में बीमार होने का सबसे बड़ा कारण शरीर में पानी की कमी, धूप में अधिक समय बिताना, दूषित पानी पीना और बाहर का अस्वच्छ खाना खाना है। सड़क किनारे कटे फल, बासी भोजन और खुले में मिलने वाले पेय पदार्थ संक्रमण का खतरा बढ़ाते हैं। इससे पेट संबंधी बीमारियां तेजी से फैलती हैं।

गर्मी में तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, दही, छाछ, नारियल पानी और हल्का घर का बना भोजन खाना चाहिए। मौसमी फल और हरी सब्जियां शरीर को ठंडक देने में मदद करती हैं। वहीं, ज्यादा मसालेदार, तला-भुना भोजन, फास्ट फूड, कोल्ड ड्रिंक, अधिक चाय-कॉफी और बासी खाना खाने से बचना चाहिए।

## ग्रेटर फरीदाबाद की सोसाइटियों में बिजली संकट गहराया

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 मई।** ग्रेटर फरीदाबाद की कई रिहायशी सोसाइटियों में इन दिनों बिजली कटौती की समस्या गंभीर बनी हुई है। डिस्कवरी पार्क सोसाइटी, फ्लोरिडा सोसाइटी और सेक्टर-70 स्थित रॉयल हेरिटेज सोसाइटी के निवासी घंटों तक बिजली गुल रहने से परेशान हैं। लगातार हो रही कटौती के कारण लोगों को मजबूरी में जनरेटर के सहारे रहना पड़ रहा है।

निवासियों का कहना है कि बिजली कटने के बाद पूरी सोसाइटी जनरेटर पर चलती है, जिसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी लोगों पर पड़ रहा है। रॉयल हेरिटेज सोसाइटी और डिस्कवरी पार्क सोसाइटी में जनरेटर से मिलने वाली बिजली के लिए निवासियों से करीब 38 रुपये प्रति यूनिट तक वसूले जा रहे हैं। इससे लोगों का मासिक खर्च काफी बढ़ गया है।

गर्मी के मौसम में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर बुजुर्ग और मरीज अधिक परेशान हैं। कई बार अचानक बिजली जाने से लिफ्ट बीच में ही बंद हो जाती हैं, जिससे लोगों में डर और असुविधा की स्थिति बन जाती है। बुजुर्गों और मरीजों को ऊंची मंजिलों तक आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

निवासियों ने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को गर्मी और आर्थिक बोझ दोनों से राहत मिल सके।



## सनी लियोनी ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। 44 साल की उम्र में भी सनी की फिटनेस और स्टाइल देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बीच फोटोशूट की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में सनी लियोनी शिमरी बिकिनी में नजर आ रही हैं। कभी समुद्र किनारे रेत पर लेटकर तो कभी पानी में बैठकर उन्होंने अलग-अलग अंदाज में पोज दिए हैं। उनके बड़े सनग्लासेस और स्टाइलिश लुक ने तस्वीरों में ग्लैमर का तड़का लगा दिया है। सनी ने अपने मेकअप को भी काफी सटल रखा है। हल्का मेकअप, भीगी जुल्फें और आत्मविश्वास से भरी मुस्कान उनके पूरे लुक को और आकर्षक बना रही है। फैंस सिर्फ उनके ग्लैमरस अंदाज की ही नहीं बल्कि उनकी फिटनेस की भी जमकर तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें सामने आते ही कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कोई उन्हें 'बीच बेबी' कह रहा है तो कोई 'गॉर्जियस क्वीन' बता रहा है।



## मां ने कभी भी पेशेवर फैसलों में दखल नहीं दिया: पलक तिवारी

मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पलक तिवारी ने हाल ही में अपनी मां और टीवी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साथ अपने रिश्ते और करियर को लेकर खुलकर बातचीत की। पलक तिवारी इन दिनों अपनी वेब सीरीज लुक्खे को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। पलक ने बताया कि उनकी मां ने कभी भी उनके पेशेवर फैसलों में दखल नहीं दिया और हमेशा उन्हें अपनी सोच के अनुसार आगे बढ़ने की पूरी आजादी दी। पलक तिवारी ने कहा कि उनकी और उनकी मां की जिंदगी के अनुभव काफी अलग रहे हैं, इसलिए दोनों का नजरिया भी अलग है। उनके मुताबिक हर कलाकार का सफर अलग होता है और वही अनुभव उसके फैसलों को प्रभावित करते हैं। पलक ने बताया कि जिस दौर में श्वेता तिवारी ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी, वह आज के समय से काफी अलग था। ऐसे में दोनों की सोच, काम करने का तरीका और कहानियों को समझने का नजरिया भी स्वाभाविक रूप से अलग है।



अभिनेत्री ने कहा कि अब वह सिर्फ दिखावे या ग्लैमर के लिए काम नहीं करना चाहतीं, बल्कि ऐसी फिल्मों और कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करें और समाज में जागरूकता पैदा करें। गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साल 2013 में आई फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से की थी, जिसमें उनके साथ अभिनेता सनी देओल नजर आए थे।

## केवल लोकप्रियता ही सफलता नहीं होती : उर्वशी रौतेला

**अपने करियर और अभिनय को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने नया नजरिया अपनाने की बात कही है। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उनके लिए सिर्फ स्क्रीन पर दिखना या लोगों से तारीफ पाना मायने नहीं रखता, बल्कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हैं जिनमें गहराई, भावनाएं और कोई सार्थक संदेश हो। एक्ट्रेस का कहना है कि समय के साथ उन्होंने समझा है कि कलाकार की असली पहचान उसके काम की सच्चाई और दर्शकों से उसके भावनात्मक जुड़ाव से बनती है। उर्वशी ने कहा कि करियर की शुरूआत में हर कलाकार चाहता है कि उसे पहचान मिले और लोग उसे नोटिस करें, लेकिन केवल लोकप्रियता ही सफलता नहीं होती। उनके मुताबिक अगर किसी कहानी या किरदार में सच्चाई और भावना नहीं होगी तो वह लंबे समय तक लोगों के दिलों में जगह नहीं बना पाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि अब वह सिर्फ दिखावे या ग्लैमर के लिए काम नहीं करना चाहतीं, बल्कि ऐसी फिल्मों और कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करें और समाज में जागरूकता पैदा करें। गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साल 2013 में आई फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से की थी, जिसमें उनके साथ अभिनेता सनी देओल नजर आए थे। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई और इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। अब वह अपनी आगामी वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज में उर्वशी पूनम मिश्रा नाम का किरदार निभा रही हैं। अपने रोल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार उनका किरदार केवल एक सहायक पत्नी का नहीं है, बल्कि ऐसा इंसान है जो भीतर ही भीतर कई संघर्षों से गुजर रहा है। अभिनेत्री के अनुसार, इस किरदार की सबसे बड़ी खासियत उसका 'साइलेंस में सर्वाइवल' यानी चुप्पी के भीतर छिपा संघर्ष है। वह बिना शोर किए और बिना अपनी भावनाओं को खुलकर जाहिर किए परिस्थितियों से लड़ती रहती है। उर्वशी ने कहा कि क्राइम ड्रामा में लोग अक्सर सिर्फ हिंसा और एक्शन देखते हैं, लेकिन असली कहानी उसके पीछे छिपे डर, अकेलेपन और मानसिक संघर्ष की होती है। उनके मुताबिक उनका किरदार बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने भीतर के डर और भावनात्मक संघर्ष से जूझता नजर आएगा।**

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए ईशान किशन की हो सकती हैं वापसी

### संजू सैमसन की जगह खतरे में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** आईपीएल 2026 के समापन के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में शुरू होगा। इसके बाद 14 जून से वनडे सीरीज की शुरूआत होगी। पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा, दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मुकाबला 20 जून को चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। इस दौरे के लिए टीम चयन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और विकेटकीपर बल्लेबाजों की दौड़ सबसे ज्यादा चर्चा में बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। चयनकर्ताओं की पहली पसंद विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल बताए जा रहे हैं। वहीं, बैकअप विकेटकीपर की भूमिका को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अब तक इस भूमिका में ऋषभ पंत को देखा जा रहा था, लेकिन खराब फॉर्म के कारण उनकी जगह ईशान किशन को मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने संजू सैमसन के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल माना जा रहा है।



## चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अब हर मुकाबला फाइनल जैसा : माइकल हसी

### बल्लेबाजी कोच बोले- अभी उम्मीद बाकी है

**लखनऊ, यूटर्न/ 17 मई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेऑफ की राह मुश्किल जरूर हो गई है, लेकिन टीम ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का कहना है कि अब टीम के लिए बचे हुए दोनों मुकाबले फाइनल जैसे हैं और खिलाड़ी इसी मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगे। उनका मानना है कि आईपीएल का यही रोमांच इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनाता है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर उसके समीकरण बिगाड़ दिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में 187 रन बनाए थे। टीम की ओर से कार्तिक शर्मा ने शानदार 71 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में लखनऊ ने मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मार्श ने सिर्फ 38 गेंदों में 90 रन ठोकते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके अलावा जोश इंग्लिस और निकोलस पूरन ने भी तेज बल्लेबाजी की। इस हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के 12 मैचों में 12 अंक रह गए हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### यूएन प्रमुख ने लेबनान-इजरायल संघर्ष विराम के विस्तार का किया स्वागत

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 17 मई।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान और इजरायल के बीच संघर्ष रोकने की अवधि को 45 दिन और बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रेस कार्यालय ने कहा कि गुटेरेस ने दोनों देशों के बीच शांति बनाए रखने की कोशिशों का समर्थन दोहराया है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रेस कार्यालय ने संवाददाताओं को भेजे गए एक नोट में कहा कि संयुक्त राष्ट्र उन सभी प्रयासों के साथ खड़ा है, जिनका मकसद हिंसा रोकना और ब्लू लाइन के दोनों तरफ रहने वाले लोगों की परेशानियां कम करना है। यहां जिस 'ब्लू लाइन' का जिक्र किया गया है, वह लेबनान और इजरायल के बीच संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 2000 में तय की गई सीमा रेखा है।

### जनरल द्विवेदी की टिप्पणी से तिलमिलाया पाकिस्तान, दी गीदड़भभकी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।** भारत के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को पड़ोसी मुल्क को खास नसीहत दी, कहा कि वो फैसला करे कि 'वो भूगोल का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास बनने को तैयार है।' पाकिस्तानी आर्मी को भारतीय जनरल की इस टिप्पणी ने खासा परेशान कर दिया है। इतना तिलमिलाया है कि उसने हमेशा की तरह अपने न्यूक्लियर पावर होने, दुनिया में बढ़ते रसूख की दुहाई दे डाली है। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक डॉन के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) ने रविवार को एक बयान जारी किया, गीदड़भभकी दी कि वह (भारत) दक्षिण एशिया को एक और संघर्ष की ओर न धकेले, क्योंकि परिणाम पूरे क्षेत्र के लिए 'विनाशकारी' हो सकते हैं।

# ताइवान को लेकर अमेरिका के मौन से कूटनीतिक गलियारों में खलबली

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 17 मई।**



दुनिया की राजनीति में वफादारी और वादों की उम्र बहुत छोटी होती है, यह बात एक बार फिर साबित हो गई है। तीन दिनों की हाई-प्रोफाइल चीन यात्रा खत्म करने के बाद जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विशेष विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से मुखातिब हुए, तो उनके सुर पूरी तरह बदले हुए थे। कल तक ताइवान की सुरक्षा की कसमें खाने वाले ट्रंप अब ताइवान के मुद्दे पर पूरी तरह आंखें मूंदते नजर आ रहे हैं। उन्होंने साफ संकेत दे दिया है कि वे फिलहाल ताइवान की आजादी का समर्थन करने या उसे हथियारों की सप्लाई तेज करने के मूड में नहीं हैं। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका को अपने घर से 9,500 मील दूर एक और युद्ध की जरूरत नहीं है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई लंबी बातचीत के बाद ट्रंप का यह बयान चीन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है, जबकि ताइवान के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है। इससे पहले अमेरिकी प्रशासन ने ताइवान को हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी थी, लेकिन अब राष्ट्रपति खुद इस सौदे पर ब्रेक लगाते दिख रहे हैं। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी हथियारों की बिक्री पर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है और वे इस पर थोड़ा और सोचेंगे।

गौरतलब है कि चीन शुरू से ही इस रक्षा सौदे का कड़ा विरोध कर रहा था। बीजिंग में हुई बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने ट्रंप को दो-टूक चेतावनी दी थी कि ताइवान के मुद्दे पर कोई भी गलत कदम दोनों देशों के संबंधों को हमेशा के लिए बिगाड़ सकता है।

## इजरायली हमले से लेबनान की अर्थव्यवस्था चरमराई

# देश को 2 बिलियन डॉलर का नुकसान

» **बेरूत, यूटर्न/ 17 मई।**



लेबनान के इकॉनमी मिनिस्टर आमेर बिसात ने इजरायली हमले से उनके देश को अर्थव्यवस्था को पहुंच रहे नुकसान से रूबरू कराया है।

उनके अनुसार, अनुमान है कि इससे देश को 2 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। अल जजीरा से बिसात ने ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च के बाद से इजरायली हमले में लेबनान को लगभग 2 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा, 'इसका असर काफी बड़ा रहा है। हमें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपनी नौकरियां गवां रहे हैं, खेतों में उत्पादन बंद हो रहा है, निर्माण कंपनियां बंद हो रही हैं और पर्यटक नहीं आ रहे हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि हमले के दौरान हुए नुकसान का अनुमान लगभग 2 अरब डॉलर है, जो लेबनान की जीडीपी का करीब 7 प्रतिशत है।

बिसात के अनुसार, लगातार संघर्ष ने देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार, कृषि, उद्योग और पर्यटन क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव डाला है। इजरायल लगातार दावा करता है कि हिज्बुल्लाह के हमलों के जवाब में उसने ये सैन्य कार्रवाई जारी रखी है। वहीं, रविवार को दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमले में पति-पत्नी के मारे जाने की खबर लेबनान के आधिकारिक समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी ने दी। उन्होंने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के हबौश शहर के अल-साहा इलाके में हमला किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में एक घर तबाह हो गया, जिसमें मुहम्मद हसन जमूल नाम के एक युवक और उनकी पत्नी सकीना मुहम्मद अब्बास मक्की की मौत हो गई।

इस बीच इजरायली डिफेंस फोर्सेस ने भी दावा किया कि उत्तरी इजरायल के मिसगाव आम क्षेत्र में सायरन बजने के बाद एक 'संदिग्ध हवाई लक्ष्य' की पहचान की गई। कथित तौर पर यह विमान दक्षिणी लेबनान में तैनात इजरायली सैनिकों के पास गिरा। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजरायली सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'रातभर में हिज्बुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में मौजूद इजरायली बलों की ओर रॉकेट और विस्फोटक ड्रोन दागे, लेकिन इन हमलों में भी कोई हताहत नहीं हुआ।

### ईरान युद्ध पर बिना किसी समाधान के ट्रंप की चीन यात्रा समाप्त

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 17 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी चीन की उच्च स्तरीय यात्रा से शुक्रवार को बिना किसी बड़ी सफलता के स्वदेश लौट आए हैं। उनके प्रशासन के सदस्यों को उम्मीद थी कि इस यात्रा से ईरान युद्ध को सुलझाने में मदद मिलेगी, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस परिणाम हासिल नहीं हो सका। वाशिंगटन लौटते समय 'एयर फोर्स वन' पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खुलते हुए देखना चाहते हैं और इस बात पर सहमत हैं कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने चाहिए। हालांकि, ये ऐसी बातें हैं जो बीजिंग पहले भी कई बार कह चुका है। फॉक्स न्यूज द्वारा शी की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, 'वह इसे समाप्त होते देखना चाहते हैं। वह मदद करना चाहते हैं।' यदि वह मदद करना चाहते हैं, तो यह बहुत अच्छा है, लेकिन हमें मदद की जरूरत नहीं है।' प्रशासन के कई अधिकारी यह देखना चाहते थे कि चीन के साथ वार्ता का क्या परिणाम निकलता है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसी भी दृश्य प्रगति के अभाव ने अब श्री ट्रंप को एक कठिन स्थिति में डाल दिया है। अब उन्हें यह तय करना होगा कि वे कूटनीति का मार्ग जारी रखें या फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करें। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कदम को लेकर प्रशासन के भीतर काफी मतभेद हैं। विशेष रूप से पेंटागन के कुछ अधिकारियों का तर्क है कि लक्षित हमलों सहित अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिससे ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा सके। दूसरी ओर, कुछ अन्य अधिकारी आर्थिक दबाव के साथ कूटनीति जारी रखने के पक्ष में हैं। उनका मानना है कि ईरान के कड़े रुख के बावजूद, यदि उस पर पर्याप्त दबाव डाला जाए तो वह पूर्ण पैमाने पर संघर्ष फिर से शुरू किए बिना समझौते के लिए तैयार हो सकता है। श्री ट्रंप खुद हाल के हफ्तों में बातचीत की ओर झुके हुए थे।

### लेबनान के साथ युद्धविराम विस्तार के बावजूद हिजबुल्लाह पर इजरायल ने किये हमले

**यरूशलम, यूटर्न/ 17 मई।** इजराइल की सेना ने अमेरिका में इजरायल और लेबनान के बीच 45 दिनों के युद्धविराम विस्तार पर सहमति बनने के ठीक एक दिन बाद शनिवार को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताजा हवाई हमले किये हैं। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा, 'इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने दक्षिणी लेबनान के कई क्षेत्रों में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचा स्थलों पर हमले शुरू कर दिए हैं।' लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' (एनएनए) के अनुसार, आईडीएफ ने दक्षिण के कम से कम पांच गांवों को निशाना बनाया। इन हमलों से पहले संबंधित क्षेत्रों से निवासियों का बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया, जो दक्षिणी शहर सिडोन और राजधानी बेरुत की ओर जा रहे हैं। इजरायली सेना ने हवाई हमलों से पहले सिडोन और नबातिये क्षेत्रों के नौ गांवों के निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की थी। ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह इन वार्ताओं का शुरू से विरोध करता रहा है। समूह ने 17 अप्रैल से प्रभावी हुए युद्धविराम समझौते का पालन करने से इनकार कर दिया है, जबकि उसने पहले इसका सम्मान करने का वादा किया था। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इसराइल और दक्षिणी लेबनान में तैनात आईडीएफ के खिलाफ अपने हमले जारी रखे हैं। इजरायल ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि उसका लेबनान की सरकार (बेरुत) के साथ कोई विवाद नहीं है, लेकिन वह तब तक अपने सैन्य अभियान नहीं रोकेगा जब तक कि हिजबुल्लाह के खतरे को पूरी तरह समाप्त नहीं कर दिया जाता। इजरायल का कहना है कि यह लक्ष्य या तो सैन्य बल के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा या फिर हिजबुल्लाह को आत्मसमर्पण करना होगा।

## एपस्टीन फाइल्स का असर, ब्रिटेन के पीएम दे सकते हैं इस्तीफा

» **लंदन, यूटर्न/ 17 मई।**



ब्रिटेन में इस समय भारी राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है, जिसके चलते प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की कुर्सी पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। हाल ही में सामने आई एपस्टीन फाइल्स और उसके बाद स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ लेबर पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद प्रधानमंत्री पर पद छोड़ने का दबाव बेहद बढ़ गया है। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, कीर स्टारमर अब अपना पद छोड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गए हैं और उन्होंने अपने करीबियों से कहा है कि वह इस्तीफा देने को तैयार हैं। हालांकि, वह यह कदम कब और किस तरह उठाएंगे, इसका फैसला वह खुद करेंगे। लेबर सरकार के इस संकट की मुख्य वजह एपस्टीन फाइल्स में पार्टी के नेता पीटर मैंडलसन का नाम सामने आना है। इस खुलासे के बाद से ही ब्रिटिश जनता का विश्वास लेबर पार्टी से पूरी तरह उठ गया, जिसका सीधा असर देश में हुए हालिया स्थानीय चुनावों पर देखने को मिला। ब्रिटेन के 136 क्षेत्रों में हुए इन क्षेत्रीय चुनावों के नतीजों ने सरकार की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अंतिम नतीजों के मुताबिक, लेबर पार्टी ने परिषद की उन 2,200 से अधिक सीटों में से लगभग 1,200 सीटें गंवा दी हैं, जिन पर पहले उसका कब्जा था। इस चुनाव में निगेल फराज के नेतृत्व वाली दक्षिणपंथी पार्टी रिफॉर्म यूके सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी है, जिसने लगभग 1,422 सीटें जीती हैं। वहीं लेबर पार्टी महज 980 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर सिमट गई है। चुनावी नतीजों में लिबरल डेमोक्रेट्स को 834 और कंजरवेटिव पार्टी को 754 सीटें मिली हैं।

## अमेरिका और इजरायल फिर से ईरान पर कर सकते हैं हमला, रूसी राजदूत ने दी चेतावनी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 मई।**



वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थायी प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के मुद्दे पर चीन के रुख का समर्थन किया है। चीन शुरूआत से ही कहता रहा है कि होर्मुज क्षेत्र में स्थायी सीजफायर होना चाहिए। इसके साथ ही उल्यानोव ने चेतावनी दी है कि अमेरिका और इजरायल बहुत जल्द ही ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकते हैं।

रूसी राजदूत उल्यानोव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बातों का जिक्र करते हुए कहा, 'रूस पूरी तरह से इस नजरिए का समर्थन करता है।'

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'पश्चिमी विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और इजरायल आने वाले कुछ दिनों या कुछ घंटों में ईरान के खिलाफ सैन्य हमले फिर से शुरू कर सकते हैं। अगर यह सच है, तो इसका मतलब है कि अमेरिका और इजरायल अपनी पिछली रणनीतिक गलतियों से कोई सबक नहीं सीख रहे हैं।' वांग यी ने कहा था कि चीन का मानना है कि होर्मुज स्ट्रेट से जुड़े तनाव का समाधान वाशिंगटन और तेहरान के बीच स्थायी और व्यापक सीजफायर से ही संभव है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले हफ्ते डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया था कि ताकत से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता और बातचीत ही एकमात्र सही रास्ता है।

यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब बहरीन और अमेरिका संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। इस प्रस्ताव में ईरान से होर्मुज स्ट्रेट में हमले और माइंस बिछाने से बाज आने की मांग की गई है। ईरान के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि तेहरान अब दुश्मन के सैन्य उपकरणों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति नहीं देगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *